# सेमी ऑटोमैटिक डिस्क फ़िल्टर के बारे में कुछ आम प्रश्न तथा जानकारी !

New



**सवाल 1 - सेमी ऑटोमैटिक डिस्क फ़िल्टर क्या है तथा यह अन्य फिल्ट्रो से क्यों खास हैं।**

जवाब - यह फ़िल्टर भारत का पहला सेमी ऑटोमैटिक डिस्क फ़िल्टर हैं जो चलती हुई लाइन में बिना फ़िल्टर खोले साफ किया जाता जबकि अन्य फिल्ट्रो को साफ करने के लिए लाइन बंद करनी पड़ती हैं और फ़िल्टर को खोलकर साफ करना पड़ता हैं तथा इसकी खास बात यह है की पानी का बहाव डिस्क के अंदर से बाहर की और गुजरता है और उससे एक साइक्लोन सा आता हैं जिससे पानी की अच्छे से सफाई हो पाती हैं। इसमें एक लाल रंग का बटन लगा है जिसके उठने से आपको पता चलता है की फ़िल्टर को साफ करने की ज़रुरत हैं।

**सवाल 2 - फ़िल्टर में दिए जाने वाले अलार्म का क्या मतलब हैं ?**

जवाब - बड़े-बड़े मिटटी के कण चलते पानी के साथ लाइन में आ जाते है और आकर फ़िल्टर के डिस्क से चिपक जाते हैं जिससे फ़िल्टर से निकलने वाले साफ पानी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो जाती हैं और इनलेट पर दवाब बड़ जाता है और इसमें दिया जाने अलार्म यानि दवाब अंतर सूचक का लाल बटन ऊपर आकर फ़िल्टर को तुरंत सफाई का निर्देशन देता हैं तथा जब फ़िल्टर साफ़ हो जाता है तब यह लाल बटन फिर निचे चला जाता हैं।

**सवाल 3 - सेमी ऑटोमैटिक डिस्क फ़िल्टर की सफाई कैसे की जाती हैं?**

जवाब - इस फ़िल्टर की सफाई करना बहुत आसान हैं।

- फ़िल्टर के साथ दवाब अंतर सूचक दिया गया हैं जो 0.6 $Kg/cm^2$ दवाब अंतर होने पर लाल बटन ऊपर उठ जाता जो फ़िल्टर को साफ करने का संकेत देता हैं।
- फ़िल्टर की सफाई करते समय चलते पानी में सबसे पहले निचे दिए गए ड्रेन पोर्ट को खोलें।
- फ़िल्टर के ऊपर दिए गए हैंडल को 90 डिग्री घुमा दें ऐसा दो से तीन बार करें।
- सफाई करने के दौरान पानी इनलेट पाइप के माध्यम से गुजरता है और फ़िल्टर में लगे पाइप के छोटे-छोटे छेद से जेट के रूप में निकलता है और डिस्क में लगी गंदगी को साफ कर देता हैं
- अगर लाल बटन अभी भी ऊपर है तब उपयुक्त प्रक्रिया को दुबारा दोहराये।

**सवाल 4 - सेमी ऑटोमैटिक डिस्क फ़िल्टर को साफ करने में कितना समय लगता हैं?**

जवाब - फ़िल्टर में खास बात यह है की इसकी सफाई करने के लिए इसे खोलना नहीं पड़ता जिससे इसकी सफाई दो या तीन मिनट में ही हो जाती हैं जबकि अन्य फिल्ट्रो को पूरा खोलकर साफ करना पड़ता हैं और इसमें काफी समय लग जाता है।

**सवाल 5 - यह किस साइज़ में उपलब्ध है?**

जवाब - यह फ़िल्टर 2" व 3" के साइज़ में उपलब्ध हैं।

**सवाल 6 - इस फ़िल्टर को कितने समय के बाद साफ करना पड़ता हैं?**

**जवाब** - यह फ़िल्टर को पानी की क़्वालिटी के हिसाब से दिन में दो बार तथा चार दिन में एक बार साफ करना पड़ता हैं।

दबाव अन्तर सूचक



AUTOMAT®

https://www.facebook.com/automatindustries
https://www.youtube.com/automatindustries
E : contactus@automatworld.com
W : www.automatworld.com
ऑटोमेट इरिगेशन प्रा० लि०